





## खबर संक्षेप

### गणना पत्रक शीघ्र वितरित करने दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने 12 नवंबर बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल से प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि गणना पत्रकों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करें। झा ने निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में सभी वार्डों में एसआईआर हेल्प डेस्क बनाना सुनिश्चित करें।

### समाधान योजनाः बिजली बिल बकायादारों को छूट

**नर्मदापुरम।** उप महाप्रबंधक (संचा./संधा) म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कंलि. नर्मदापुरम ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने "समाधान योजना 2025-26" का शुभारंभ किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बकाया बिजली बिलों वाले उपभोक्ताओं को उनके बकाये बिलों के भुगतान पर भारी छूट देकर राहत प्रदान करना है। योजना 3नवंबर2025 से शुरू होकर 25फ़रवरी2026 तक प्रभावी रहेगी।

## सोहागपुर नप ने दिये बैंकों में पत्र, योजना के 19 हितग्राहियों ने नहीं किये आवास पूर्ण

# पीएम आवास योजना में राशि उपयोग ना करने वालों के 'बैंक खाते होल्ड'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

आवास योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचा या नहीं, तथा कितने अपात्रों ने लाभ ले लिया, यह जांच व समीक्षा का विषय है। लेकिन नप की नज़र में वे लोग हैं, जिन्होंने राशि ली और काम नहीं किया। सोहागपुर शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण के कुछ हितग्राहियों ने राशि लेकर भी काम शुरू नहीं किया या काम शुरू किया तो इसे पूर्ण नहीं कर पाए। जबकि राशि मिले दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। अब तक सोहागपुर नप में रहे सीएमओ ने इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। लेकिन वर्तमान सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने शासकीय राशि लेकर इसका योजनानुसार उपयोग नहीं करने वालों पर सख्ती प्रारंभ कर दी है। सीएमओ शर्मा ने उन हितग्राहियों के बैंक खातों पर होल्ड लगावाया है। जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण की राशि ली, लेकिन आवास अब तक पूर्ण नहीं किए हैं।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना उन गरीबों के लिए लांच की गई थी जिनके आवास नहीं हैं। लेकिन कई हितग्राहियों ने राशि लेकर भी आवास पूर्ण नहीं किया है। उनके खिलाफ नगर परिषद कार्रवाई कर रही है।



### बैंक खाते कराए होल्ड

हरिभूमि प्रतिनिधि ने गुरुवार को नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से चर्चा की। शर्मा ने चर्चा में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण के करीब डेढ़ दर्जन हितग्राहियों के बैंक खाते होल्ड कराए हैं। शर्मा के अनुसार ये वे हितग्राही हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास बनाने राशि ली, लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी आवास अपूर्ण हैं। जिसके कारण ना तो इन्हें अगली राशि मिल पा रही है, ना आवास पूर्ण हो पा रहे हैं। अतः शासकीय निर्देशानुसार इनसे राशि वापस ली जानी है, अतः बैंक खातों पर होल्ड लगाना शुरू किया है। जिन बैंकों में हितग्राहियों के खाते हैं, उन बैंकों के प्रबंधनों को पत्र लिखकर होल्ड लगाने की सूचना दी है।

### 19 हितग्राही सम्मिलित

सोहागपुर नगर परिषद आवास योजना शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर शहर क्षेत्र में 19 हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने दो वर्ष पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत राशि ली है। लेकिन अब तक आवास पूर्ण नहीं किए हैं। अतः इनसे अब राशि वसूली की जानी है। बताया जाता है कि 19 में से 17 हितग्राही ऐसे हैं जिन्हें नप ने एक-एक लाख रुपए आवास के लिये दिये हैं। जबकि एक-एक हितग्राही को 1.6 लाख रुपए व दो लाख रुपए आवास निर्माण के लिए दिये गए थे। अब इनके आवास अधूरे होने के चलते बैंक खातों पर होल्ड लगाया गया है।

### सीएमओ ने दिये निर्देश

गुरुवार सुबह सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने आवास योजना प्रभारी डीएस गौर से चर्चा की। तथा उनसे पूछा कि बैंक तक पत्र पहुंच गए हैं अथवा नहीं, इसकी जानकारी लें। पत्र पहुंचने के बाद हितग्राहियों के बैंक खातों पर होल्ड लगा अथवा नहीं इसकी जानकारी लेने के निर्देश भी शर्मा ने गौर को दिये हैं। हरिभूमि ने आवास योजना प्रभारी डीएस गौर से चर्चा की, तो गौर ने बताया कि सभी बैंकों को पत्र भेजे जा चुके हैं।

### करेंगे वसूली

कुछ हितग्राहियों ने शासन से आवास योजना के लिए राशि ली, लेकिन इसका उपयोग नहीं किया। अब उनके बैंक खातों पर होल्ड लगाया है। शासन के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।"-

**धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ, नगर परिषद, सोहागपुर।**

## पुलिस की कार्रवाई में 8 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शिवपुर थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 8 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम् के निर्देश पर की गई, जिन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त लोगों पर त्वरित और सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

घटना गुरुवार सुबह करीब 5 बजे की है, जब शिवपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम पगढाल टिमरनी रोड पर किसी ग्राहक को गांजा सप्लाई करने आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक यादव अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज पिता शंकरलाल मेहरा, निवासी ग्राम भांजा थाना सिवनी मालवा, और उपदेश उर्फ सूर्या पिता चंद्रभान परते, निवासी ग्राम डोभी तालपुरा थाना पथरोटा के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना शिवपुर में अपराध क्रमांक 239/2025 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की विवेचना शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह गांजा कहां से लाए थे और इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

## नपाध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका कार्यालय में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है। आज नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा की गई जनसुनवाई के दौरान छोटी बड़ी समस्याओं के करीब 10-12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका संतुष्टिपूर्ण समाधान किया गया। वार्ड क्रमांक 23 मारूति नगर की महिलाओं के आवेदन पर तत्काल सुनवाई करते हुए वार्ड से झाड़ियां हटाने के लिए जेसीबी भिजवाई गई। जनसुनवाई में उपयंत्री अंबक पाराशर, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, स्वच्छता



निरीक्षक अनुराग तिवारी सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले के निर्देश पर जनसुनवाई की शुरू की गई है जिसका आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। आज नारायण नगर निवासी तुलसीराम केवट के परिजन अयोध्या प्रसाद के निधन पर उनके द्वारा अंत्येष्टि सहायता राशि की मांग की गई। जांच उपरांत तत्काल उनकी राशि स्वीकृत की गई। इसी तरह वार्ड क्रमांक 26 की एक दर्जन से अधिक महिलाएं जनसुनवाई में पहुंची जिन्होंने बताया कि मारूति नगर स्थित आसपास के क्षेत्र में बेहद झाड़ियां हो गइं जिसमें जहरीले जीव जंतु रहते हैं। उनकी शिकायत पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित कर तत्काल जेसीबी पहुंचाकर झांड़यि हटवाई गइं। त्वरित कार्रवाई करने पर समस्त महिलाओं द्वारा नपाध्यक्ष और सीएमओ को धन्यवाद दिया गया।

### नेशनल एसेसर ने किया एनकास मूल्यांकन

**नर्मदापुरम।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के तहत नर्मदापुरम जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का नेशनल एसेसर द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। जिसके क्रम में गुरुवार को नई दिल्ली से आए नेशनल एसेसर डॉ मंजू बहल एवं डॉ अक्षत प्रसाद द्वारा डोलरिया ब्लॉक के कांद्राखेड़ी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का मूल्यांकन किया गया। तथा सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम योजनाओं की प्रगति को बारीकी से देखा एवं ग्राम में आमजनों को प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की वस्तुस्थिति को देखा।

## नर्मदा महाविद्यालय में हुआ संविधान की हत्या आपातकाल पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में एन सी सी कैडेट्स द्वारा संविधान की हत्या दिवस पर नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार और जीवन के अधिकार पर नुक्कड़ नाटक द्वारा संदेश दिया कि संविधान से प्राप्त अधिकारों का हनन करना गैरकानूनी है। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे । अपने संविधान की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है कार्यक्रम प्रभारी डॉ



अमिता जोशी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 50 वर्ष पूर्व आपातकाल के ज़ख्म आज तक व्याप्त हैं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ यास्मीन खान ने आपातकाल की घटना पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संविधान प्रदत अधिकारों का उपयोग करें।

## न्यायोत्सव विधिक साक्षरता सेवा अभियान अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र नगरपालिका परिषद क्षेत्र में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में नयायोतसव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजन किया जा रहा है। शिविर में दिशा चांडक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के द्वारा पाकसो एक्ट,मोटर व्हीकलएकट, शिक्षा का अधिकार ,साईबर क्राइमदहेज अधिनियम के अंतर्गत निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में जानकारी दी गई। तथा कृषि उपज मंडी में मजदूरके लिए विशेष विधिक साक्षरता शिविर



आयोजित किया गया। शिविर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश चांडक के द्वारा मजदूर संघ को बताया गया है। मजदूर अपने कार्य के प्रति जागरूक सजग हो। मजदूर वर्ग भी विधिक साक्षरता शिविर का लाभ उठा सकते हैं। श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए जानकारी दी गई। तथा शासकीय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दतीय जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी ने छात्राओं को पाकसो एक्ट वाल विवाह दहेज सहित अन्य सभी शामिल अपराध पर कानून व्यवस्था की जानकारी दी गई। तथा अपने शिक्षक शिक्षिका को जानकारी देने की सलाह दी।इस तरहसे प्रतिदिन विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाता है।

## शहीद भगत सिंह कॉलेज पिपरिया में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम के सहयोग से गुरूवार 13 नवम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई, जिसके बाद महाविद्यालय प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया और अपना उद्बोधन दिया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पिपरिया श्री ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, ममता नागवंशी, श्री देवेश, कंचन श्रीवास्तव और सावी उपस्थित रहे। मेले में 22 कंपनियों तथा कई सरकारी विभागों ने इस मंच पर अपना स्टॉल लगाया। मेले में विधायक पिपरिया श्री ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि "हर काम समान है" और युवाओं को जो भी कार्य मिले, उससे जीवन की शुरुआत करने का आह्वान किया। उन्होंने मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अन्य योजनाओं के तहत 10 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष नीना नागपाल ने अपने संबोधन में युवाओं को "देश का भविष्य" बताया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने करियर की शुरुआत मिलने वाले अवसरों से करें।

## कमिश्नर ने वन विभाग की संभागीय टास्क फ़ोर्स समिति की बैठक ली, दिए आश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वन भूमि पर हो रहे संगठित अपराध, अवैध कटाई, अतिक्रमण, उत्खनन एवं परिवहन के प्रभावों को वन विभाग एवं पुलिस विभाग का अमला संयुक्त रूप से विफल करें। वन विभाग एवं पुलिस विभाग आदतन वन एवं वन प्राणियों के अपराधियों की सूची तैयार कर एक दूसरे से साझा करें। साथ ही विद्युत विभाग एवं वन विभाग संयुक्त रूप से गस्ती कर विद्युत लाइनों की ट्रैपिग होने से रोके एवं विद्युत लाइनों का रखरखाव समुचित रूप से करें। वन्य प्राणियों को विद्युत करंट से बचाने के लिए वन क्षेत्र में विद्युत लाइनो को ट्रेपिंग होने से सख्ती से रोका जाए।



उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गत दिवस वन विभाग की संभागीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, वन संरक्षक अशोक कुमार, नर्मदापुरम कलेक्टर सुसोनिया मीना, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस थोटा, हरदा एवं नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक, उपसंचालक ऋषिभा नेताम, डीएफओ मयंक गुर्जर एवं समस्त वन मंडलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री परमार के नगर आगमन पर हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री बविता परमार के नर्मदापुरम आगमन पर बुधवार रात्रि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया सहित महिला मोर्चा की बहनों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बविता परमार को उनके नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान नर्मदापुरम नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित, उपाध्यक्ष मोनिका चौकसे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंचल राजपूत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुन्दरम अग्रवाल, वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, लक्ष्मण बैस, हीरामणि भावसार, महेश सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया आदि शामिल रहे।

## द चैम्प्स फन स्कूल के बाल दिवस कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिताएं

# पब्लिक स्पीकिंग से बच्चों ने दी वाणी और विचारों की प्रस्तुति, चित्रकला प्रतियोगिता में कैनवास पर उकेरी कृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के रामायण हॉल में आज हर्षोल्लास के साथ एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता व प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील जैन और डॉ. शुभा दीक्षित रहे। दोनों ही अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी तथा विद्यालय की डायरेक्टर जूही चटर्जी ने भी अपनी




गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

मंच संचालन मनीषा तोमर, स्नेहा तथा कक्षा चार के विद्यार्थियों ने मिलकर किया, जिनकी प्रस्तुति ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी वाणी और विचारों की प्रस्तुति दी, वहीं ड्रॉइंग प्रतियोगिता में नन्हें कलाकारों ने अपने रंगों से कल्पनाओं की सुंदर दुनिया सजीव कर दी। अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में बच्चों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और कभी हार न मानने की सीख दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ढेर सारी शुभकामनाएँ और सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने संदेश में कहा कि जिन विद्यार्थियों को इस बार पुरस्कार नहीं मिला है, वे निराश न हों, बल्कि अगले अवसर के लिए और अधिक परिश्रम करें। वहीं, जिन्होंने आज उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्हें भी निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी अक्षिता दीवान और सुश्री आकांक्षा दुबे रहीं। पूरा कार्यक्रम उत्साह, उमंग और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### जिपं सीईओ ने की नर्मदा परिक्रमा पथ पर पौधरोपण कार्य की समीक्षा

**नर्मदापुरम।** जिले में शासन की लाभकारी जनहित योजनाओं को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जमीनी स्तर से मोनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन द्वारा लगातार योजनाओं पर ग्रामीण क्षेत्रों में दौरे कर जानकारी ली जा रही है। इसी तारतम्य में गुरूवार 13 नवम्बर को जिला पंचायत में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन द्वारा मनरेगा अंतर्गत नर्मदा परिक्रमा पथ पर पौधरोपण की जाने वाली ग्राम पंचायतों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिन ग्राम पंचायतों में भूमि आबंटन, अतिक्रमण व अन्य कारणों से प्रगति नहीं आ रही थी, वहां के पटवारी एवं सचिवों को समक्ष में सुना गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा निर्देश दिये गये कि परिक्रमा पथ पर अनिवार्यतः पौधरोपण किया जाये। यह पौधरोपण परिक्रमा वासियों के लिये किया जा रहा है, जिसमें छायादार व फलदार पौधों का लाभ उन्हें यात्रा के दौरान मिलेगा। अतः यदि अतिक्रमण है तो एक सप्ताह में उसे हटाते हुये स्थल पर तार फेंसिंग प्रारंभ कर दी जाये।


एजेन्सी देना है। हरिभूमि

नर्मदापुरम् शहर में एजेन्सी एवं ब्यूरो की आवश्यकता है । सम्पर्क करें

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप



### नए कक्ष में शिफ्ट होंगे सीएमओ

**आमला।** बीते दो वर्षों में अच्छी खासी चर्चाएं और सुर्खियां बटोर चुका आमला सीएमओ के पद का मामला क्या अब विराम ले सकता है और क्या अब सीएमओ यहां कुछ समय के लिए स्थाई हो सकते हैं या अभी भी पिक्चर बाकी है। बीते दो वर्षों से नपा में प्रत्येक दो तीन माह में बार-बार बदलने वाले सीएमओ के लिए एक बार फिर कई तरह की चर्चाए है। महज एक पखवाड़े के बाद फिर यहां सीएमओ नितिन बिंजवे को पदस्थ किया गया है। इसके लिए गुरुवार को दिनभर यहां सीएमओ के नए कक्ष को सजाने संवारने का काम चलता रहा। जैसा कि बताया गया है कि बीते कुछ समय से सीएमओ को लेकर यहां जो भी घटनाक्रम हुए हैं। उसके बाद यहां पुनः पदस्थ सीएमओ अपने पुराने कक्ष में बैठने को तैयार नहीं है। जानकारों की सलाह के बाद सीएमओ के लिए एक नए कक्ष का चयन किया गया है। गुरुवार को दिनभर यहां सीएमओ के नए कक्ष को संवारने और सजाने का काम तेजी से किया जाता रहा। उम्मीद है शुक्रवार को यहां सीएमओ अपने नए कक्ष में कार्यभार संभालेंगे।

### 14 नवंबर को शहर में होंगे कई कार्यक्रम

**आमला।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस यानी 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर शहर के सभी शिक्षण संस्थानों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है,इसमें बाल मेला विज्ञान प्रदर्शनी सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं भी शामिल की गई है। शहर के पैराडाइस स्कूल, लाइफ कैरियर स्कूल, कैपिटल स्कूल, सेंट थॉमस सहित सभी शासकीय विद्यालय में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए है।

## बैतूल के 3500 मिट्टी सैंपलों की जांच में हुआ खुलासा

# जिंक, सल्फर और नाइट्रोजन तत्व की मिट्टी में मिली भारी कमी!

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल



जिले की कृषि योग्य भूमि की मिट्टी में पोषक तत्वों की लगातार कमी होती जा रही है। यहां मिट्टी परीक्षण में जिंक-सल्फर और नाईट्रोजन की भारी कमी सामने आई है, जो कि चिंता का कारण बनी हुई है। अगर अब भी जमीन के पोषक तत्वों को ध्यान में रखते हुए खेती नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिलेगा। मिट्टी परीक्षण केन्द्र बैतूल बाजार से मिली जानकारी के मुताबिक बैतूल ब्लाक की मिट्टी में जिंक और नाइट्रोजन की भारी कमी पाई गई है। यह खुलासा किसानों द्वारा करवाई गई मिट्टी की जांच में हुआ है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसान डीएपी और यूरिया से पोषक तत्वों की पूर्ति कर रहे हैं, ताकि उत्पादन पर असर न पड़े। लेकिन जिंक और नाइट्रोजन की कमी अब भी बनी हुई है। कृषि विभाग के उप संचालक आनंद बड़ोनिया के अनुसार नाइट्रोजन की कमी से मिट्टी कठोर हो रही है। इससे प्रति हेक्टेयर औसत 20 फीसदी उत्पादन घट रहा है। हालांकि कृषि विभाग हर वर्ष समस्या के समाधान के लिए लगातार किसानों को खेतों पर खरपतवार नहीं जलाने, रासायनिक खाद के बजाय जैविक खाद का प्रयोग करने व बुवाई से पहले मृदा परीक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन अभी वांछित सफलता नहीं मिली है।

### 3500 सैम्पल की जांच रिपोर्ट से आए परिणाम

मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला बैतूल बाजार में बैतूल ब्लाक के 4205 मिट्टी के सैंपल कलेक्ट किए गए थे। जिसमें से 3500 मिट्टी के सैंपलों की जांच की गई। इसमें जिंक, नाइट्रोजन की कमी पाई गई है। बैतूल की मिट्टी में सबसे ज्यादा नाइट्रोजन की कमी मिली है। वहीं जांच में पोटाश की अधिकता पाई गई है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है, मिट्टी में किसी भी पोषक तत्व की अधिकता अच्छी नहीं है। किसान मिट्टी परीक्षण के बाद ही आवश्यकतानुसार खेतों में उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए, लेकिन किसान फसल उत्पादन बेहतर प्राप्त करने के लिए बड़े स्तर पर रासायनिक खादों का प्रयोग ज्यादा करते है, लेकिन जिंक, नाइट्रोजन की कमी दूर करने कोई प्रयास नहीं कर रहे है। क्योंकि ज्यादातर खादों में जिंक की मात्रा कम होती है या नहीं होती है। जिसके लिए किसानों को अलग से इसका प्रयोग करना होता है, जो नहीं हो रहा है।

### मिट्टी परीक्षण के लिए हर ब्लाक में बनी है प्रयोगशालाएं

शासन ने 2016-17 में जिले के 10 ब्लॉकों में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के भवन बनाए। इन भवन और मिट्टी की टेस्टिंग के लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च की। इसके पीछे शासन का मकसद था कि किसान मिट्टी की जांच करवा सकें और उसी के अनुसार फसल की बुआई करे, लेकिन कई सालों तक ये प्रयोगशालाएं स्टाफ और मशीनों के अभाव में बंद रहीं। अब सरकार ने जांच का ठेका निजी कंपनी को दे दिया है। बताया गया कि मुलताई, भैंसदेही, आमला, शाहपुर, भीमपुर, चिचोली, घोड़ाडोंगरी, प्रभातपट्टन तथा आठनेर ब्लॉक में 35-35 लाख की लागत से प्रयोगशाला भवन और प्रत्येक प्रयोगशाला के लिए 15-15 लाख से मशीनें बुलवाई थीं। एक केंद्र पर शासन ने करीब 50 लाख रुपए खर्च किए है।

### ढाई लाख किसान, कम ही कराते है मिट्टी परीक्षण

वैसे तो जिले में करीबन ढाई से 3 लाख हेक्टेयर भूमि में खेती होती है। जिसमें करीब ढाई लाख किसान खरीफ, रबी सहित अन्य फसल के अलावा सब्जियों का उत्पादन लेते है। लेकिन ढ़ाई लाख किसानों में से कम ही किसान है जो मिट्टी का परीक्षण कराते है। बैतूल ब्लाक के बैतूलबाजार के सहायक भू सर्वेक्षण अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि क्षमता के अनुरूप हर साल करीब दस हजार मिट्टी के नमूनों की जांच की जाती है। जिसमें बैतूल ब्लाक में नाईट्रोजन, जिंक, सल्फर की कमी सामने आई है। किसान डीएपी और यूरिया ही खेतों में डालते हैं। जिससे मिट्टी में सिर्फ नाइट्रोजन और फास्फेट की ही कमी पूरी हो पाती है। शेष पोषक तत्व के लिए किसानों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जाता है। जिससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति कम होते जा रही है।

#### मिट्टी में इतनी मात्रा में होना चाहिए पोषक तत्व

आर्गेनिक कार्बन - 0.50 - 0.75 प्रतिशत
नाइट्रोजन - 280 से 560 किलो प्रति हेक्टेवर
फास्फोरस - 10 किलो से 25 किलो प्रति हेक्टेयर
पोटेशियम - 120 किलो से 280 किलो प्रति हेक्टेयर

#### बैतूल ब्लॉक की मिट्टी में मिली इन पोषक तत्व की कमी

जिंक - जिंक 0.6 पीपीएम से कम
सल्फर - 10 पीपीएम से कम
मैंगजीन - 2 पीपीएम से कम
आयरन - 4.5 पीपीएम से कम
बोरोन - 0.5 से कम

#### एक नजर में...

(1) 5238 सेम्पलों की जांच का लक्ष्य
(2) 4205 सैंपलों किए कलेक्ट
(3) 3500 सैंपलों की हुई जांच
(3) 3003 स्वाइल हेल्थ कार्ड वितरित
(4) जिंक-सल्फर और नाइट्रोजन की मिली कमी

#### कमी पाई गई है

बैतूल ब्लाक के खेतों की मिट्टी के 3500 सैम्पलों की जांच की गई, जिसमें जिंक, सल्फर और नाइट्रोजन पोषक तत्वों की कमी पाई गई है, वहीं पोटाश की मात्रा भी अधिक है।

\- चन्द्रशेखर चौधरी,
सहायक भू सर्वेक्षण अधिकारी, बैतूल

### मिट्टी में पाये जाते हैं 16 प्रकार पोषक तत्व

बता दे कि मिट्टी में कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाष, कैल्सियम, मैग्नीशियम, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, बोरान, मैगनीज, मोलिबडनम, क्लोरीन व जिंक सल्फर सहित कुल 16 पोषक तत्व होते है, जो सभी प्रकार के पौधे और फसलों के जीवनचक्र के लिए जरुरी है। इसमें यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी रह जाती है, तो फसल की पैदावार कम होती है। जिंक की कमी से पौधे की नीचे की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं, लाल धब्बे भी हो जाते हैं, जिसके कारण पौधा सूर्य की किरणों से अपना पर्याप्त भोजन प्राप्त नहीं कर पाता है और उत्पादन पर असर पड़ता है।

## घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

# पिता-बेटे पर भालू का हमला दोनों गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भैंसदेही थाना क्षेत्र के सालेईढाना गांव में बुधवार शाम खेत में मक्का तोड़ रहे पिता-पुत्र पर दो भालुओं ने हमला किया। बेटे ने करीब आधा घंटे तक संघर्ष कर पिता की जान बचाई। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और जिला अस्पताल में भर्ती हैं। घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे हुई। सालेईढाना निवासी कालिया माओसकर (45) अपने खेत में मक्का तोड़ रहे थे। पास के जंगल से एक मादा भालू और उसका बच्चा खेत में घुस आए और कालिया पर हमला कर दिया। पास ही काम कर रहे उनके बेटे प्रदीप माओसकर (21) ने दौडक़र लकड़ी उठाई और भालू पर हमला किया। पिता को बचाने के प्रयास में भालुओं ने प्रदीप पर भी हमला किया। ग्रामीणों के अनुसार, प्रदीप और भालुओं के बीच करीब 30 मिनट तक संघर्ष चला। प्रदीप ने हिम्मत नहीं हारी और अपने पिता को भालुओं से छुड़ाने में सफल रहा। हमले में कालिया को कमर के नीचे गहरे घाव और प्रदीप के शरीर में कई जगह पंजों के निशान और सूजन आई। दोनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। घटना की सूचना पर वन विभाग का अमला भैंसदेही अस्पताल पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक जांच में हमला मादा भालू द्वारा अपने बच्चे की सुरक्षा में किया गया प्रतीत होता है।

### वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रदीप मौके पर न होता तो पिता की जान बचाना मुश्किल था। प्रदीप की बहादुरी की भैंसदेही और आसपास के गांवों में सराहना हो रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को शाम के समय खेतों और जंगल की ओर अकेले न जाने की सलाह दी। साथ ही क्षेत्र में भालुओं की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

## धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न




**भैंसदेही।** भारतीय मजदूर संघ इकाई द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मागों को लेकर आगामी 17 नवंबर को बैतूल जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाना है। इस प्रदर्शन में भैंसदेही ईकाई के समस्त सक्रिय कर्मचारी संघ के लोग शामिल होगे। धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता वाले कर्मचारी उपस्थित हुए। संघ के जिला महामंत्री पंजाबराव गायकवाड़, राहुल चढ़ोकार पदाधिकारी ने बताया कि भारतीय अंशकालीन मजदूर संघ जिला इकाई अंश कालीन मजदूरों की समस्या को जिला स्तर पर उठाने और ज्ञापन सौंपने के लिए अधिक से अधिक कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित होने की अपील की। इस बैठक में वासुदेव घोडक़ी, बृजलाल कंगाले, दिनेश पारखे, भोला धुर्वे, पुष्पा सोनी, राजेश चौहान, रामशिंग इवने आदि उपस्थित थे।

## केएल ओवरहेड टैंक साइट पहुंचे सीएमओ

# अमृत योजना के तहत निर्माण कार्यों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देख की सराहना



**बैतूल।** अमृत योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया ने बुधवार 13 नवंबर को 1850 केएल ओवरहेड टैंक निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री मटसेनिया ने निर्माण कार्यों की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता और साइट पर की गई स्टैकफोल्डिंग की मजबूती का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी न की जाए और कार्यस्थल पर सभी श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर फील्ड इंजीनियर जनार्दन उपाध्याय और ठेकेदार शैलेंद्र मंडलिक उपस्थित रहे। सीएमओ ने ठेकेदार को सामग्री प्रबंधन, साइट की साफ-सफाई तथा सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत योजना का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर पेयजल आपूर्ति और शहरी विकास की मजबूत आधारशिला देना है, इसलिए हर कार्य मानक गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा में पूरा होना चाहिए। श्री मटसेनिया ने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसे स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा, ताकि सुरक्षा और गुणवत्ता से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

# विकास पुरुष, पूर्व सांसद स्व. विजय कुमार खंडेलवाल 'बाबूजी' को किया गया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला भाजपा के पितृ पुरुष, विकास पुरोधा, अजेय सांसद स्व.विजय कुमार खंडेलवाल (बाबूजी) की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में श्रृद्वांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्व.विजय कुमार खंडेलवाल (बाबूजी) के परिजनों, मित्रो, व नगर के नागरिकों सहित भाजपा परिवार ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे याद किया। इस अवसर पर म.प्र. जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर , डॉ. सतीश खंडेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचरित्र मिश्रा, न्यास के पूर्व अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजा ठाकुर, वरिष्ठ नेता भीम धोटे, रमेश मिश्रा, द्वारा श्री खंडेलवाल के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर श्रृद्वाजंली अर्पित की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, महेन्द्रसिंह चौहान, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पूर्व सासंद ज्योति धुर्वे, लक्ष्मीनारायण आदि रहे मौजूद।

### स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की पुण्यतिथि पर भाजपा सारनी मंडल ने दी श्रद्धांजलि



*सारनी। भाजपा सारनी मंडल द्वारा बैतूल जिले के विकास पुरुष, पूर्व सांसद स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व एवं सभी कार्यकर्ताओ की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार, मंडल महामंत्री विनय मदने, नन्हे सिंह समेत मंडल कार्यकारिणी जिला पदाधिकारी पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्रमबद्ध रूप से बाबूजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि बाबूजी ने अपने जीवनकाल में बैतूल जिले को नई पहचान दिलाई और विकास की मजबूत नींव रखी। मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि स्व. बाबूजी भाजपा संगठन के प्रेरणास्रोत रहे, उनका जीवन जनसेवा और समर्पण का प्रतीक हमेशा रहा है। नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पावर ने कहा कि बाबूजी ने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की सोच को पहुंचाने का कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृद्धाश्रम सारनी पहुँचकर वृद्धजनों को फल एवं गरम कम्बल वितरित किया गया।*

## समूह के महुआ बिस्किट से हुईं प्रभावित

# भौंरा में मिसेज यूनिवर्स दिव्या का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा




जन परिषद के स्थानीय चैप्टर द्वारा गुरुवार को पंचमुखी श्री रिद्धि-सिद्धि गणेशालय में संक्षिप्त लेकिन गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मिसेज यूनिवर्स (फर्स्ट रनर-अप) व मिसेज इंडिया (ल्यूमिनियस आइज़) दिव्या चौधरी मुख्य अतिथि बनकर पहुंचीं। जहां समिति के सदस्य एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का गुलदस्ता, फूलमालाओं से स्वागत किया गया, वहीं अरण्य स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए महुआ बिस्किट कार्यक्रम में खिलााए गए। बिस्किट का स्वाद लेने के बाद मिसेज यूनिवर्स ने कहा कि बाज़ार में मिलने वाले लगभग सभी बिस्कुट पाम तेल से बने होते हैं, जबकि महुआ बिस्किट पूरी तरह से पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं। यह बेहद अच्छा उत्पाद है। इसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार होना चाहिए। मैं अपने परिवार के लिए चार-पांच पैकेट अवश्य लेकर जाऊंगी। इसके बाद जन परिषद इंटर स्टेट कमेटी के सचिव कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने उन्हें महुआ बिस्किट के पैकेट भेंट किए। गणेशालय में कार्यक्रम के बाद दिव्या चौधरी पेट्रोल पंप के पास स्थित वन विश्राम गृह पहुंचीं। जहां वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने उनसे भेंट की और भौंरा क्षेत्र की प्राकृतिक और वन-पहचानों से उन्हें परिचित कराया। भौंरा की सुंदरता से प्रभावित श्रीमति चौधरी ने कहा कि मैं पहली बार भौंरा आई हूं। यह बेहद शांत और खूबसूरत जगह है। समाज की सेवा अकेले संभव नहीं, इसलिए मैं आप सबके साथ मिलकर कार्य कर रही हूं। कार्यक्रम में जन परिषद के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव भोपाल नितिन श्रीवास्तव, राजेंद्र सिरोठिया, सुनील राठौर, मनीष खंडेलवाल, जितेंद्र गुप्ता, राजकमल गुप्ता, संजय जगताप, परीमाला पवार, परिसी पवार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जन परिषद के बारे में जानकारी देते संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था पिछले 36 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय है, अब तक पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुका है और देश-विदेश में इसके 300 और 7 चैप्टर कार्यरत हैं। स

## कार्तिक पूर्णिमा के एक सप्ताह बाद भी प्रारंभ नहीं हो सका ताप्ती मेला

# नपा ने कहा- हमारी तैयारियां पूर्ण, व्यापारी लगाएं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाला ताप्ती मेला एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। व्यापारियों के अनुसार मेले की शुरुआत में अभी एक सप्ताह और लग सकता है, जबकि नगर पालिका का कहना है कि उनकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं, अब व्यापारी अपनी दुकानें लगाएं। ताप्ती मेला नगरवासियों के लिए केवल एक मेला नहीं, बल्कि एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है। किंतु खेद की बात यह है कि इसे भव्य रूप देने के ईमानदार प्रयास कभी नहीं हुए। इस वर्ष स्थिति और गंभीर हो गई जब व्यापारियों ने कुछ लोगों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गंभीर आरोप लगाए।

इस वर्ष नगर पालिका ने मेले के लेआउट में आंशिक बदलाव किया। स्थिति को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर और नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को आगे आकर व्यापारियों से संवाद स्थापित करना पड़ा। इसके बाद अब मेले को नया स्वरूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह प्रयास कितने सफल होंगे, यह तो समय बताएगा, किंतु नगर पालिका अब तक 380 प्लॉट का आवंटन कर चुकी है,



जबकि लगभग 50 प्लॉट अभी शेष हैं। किसी भी मेले का प्रमुख आकर्षण झूले होते हैं। इस बार नगर पालिका ने झूलों के चार अलग-अलग ग्रुपों को प्लॉट आवंटित किए हैं, जिनमें सभी प्रकार के झूले शामिल हैं। इस बार कुछ बड़े झूले पहली बार ताप्ती मेले में पहुंचे हैं, जो आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इस वर्ष नगर पालिका ने मेले के लेआउट में आंशिक बदलाव किया है। मुख्य मार्ग की चौड़ाई कम की गई है, प्लॉटों की संख्या बढ़ाई गई है, तथा एक ही परिवार के कई लोगों को अनेक प्लॉट आवंटित किए जाने से व्यापारियों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

**प्लॉट खरीदकर दूसरों को बेचने वालों पर होगी एफआईआर:** मेला व्यवस्था में जुटे नगर पालिका कर्मचारी विशाल भारती ने बताया कि अव्यवस्था से बचने और मेले को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिन लोगों ने चार-पांच प्लॉट आवंटित करवाए हैं और उन्हें दूसरों को बेचने की कोशिश कर रहे हैं, उनके विरुद्ध टीम बनाकर जांच की जाएगी और ऐसे लोगों पर स्नद्भक्र दर्ज की जाएगी। साथ ही मेले के मुख्य मार्ग या स्टेशन रोड से जुडऩे वाले प्रमुख मार्गों पर कोई दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य मार्ग को बाधित करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### नपा की तैयारी पूर्ण, व्यापारी दुकानें प्रारंभ करें: तिवारी

नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी प्रतिदिन मेले की तैयारियों का स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं, प्लॉट आवंटन, पेयजल व्यवस्था, सुलभ शौचालय आदि तैयार हैं। दो दिनों में विद्युत आपूर्ति भी प्रारंभ कर दी जाएगी। यदि आगामी दिनों में वर्षा होती है तो रास्तों पर डस्ट डालकर उन्हें व्यवस्थित किया जाएगा। तिवारी ने कहा, नगर पालिका की तैयारियां पूरी हैं, अब व्यापारियों को चाहिए कि वे शीघ्र अपनी दुकानें प्रारंभ करें।

## हिंदू संगठनों ने बाजार बंद का किया आव्हान

# वाहन हटाने की बात पर मारपीट युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया




**बैतूल।** आठनेर नगर में गुरुवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान वाहन हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिससे नगर में तनाव फैल गया। घटना के बाद हिंदू संगठनों ने बाजार बंद करवा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, हिडली निवासी कुछ युवक खरीदारी के लिए आठनेर आए थे। वापसी के दौरान एक दुकान पर पार्सल उतारने के लिए एक पिकअप वाहन खड़ा था। मुन्ना नामक युवक ने वाहन हटाने को कहा, जिस पर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते बात बढ़ गई और मुन्ना लहरपुरे तथा दूसरे पक्ष के बीच मारपीट होने लगी। बीच-बचाव करने पहुंचे आठनेर निवासी पिंटू और एक महिला के साथ भी मारपीट का आरोप है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद नगर में आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठनों ने आठनेर बंद का आह्वान किया और बाजार बंद करवा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भैंसदेही एसडीओपी और तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि खरीदारी करने आए कुछ लोगों के साथ मारपीट की सूचना मिली है।

## जिले भर में जारी है एसआईआर कार्य

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जारी है निरीक्षण कार्य, निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

विधानसभा क्षेत्र 138 सोहागपुर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। शहरी क्षेत्र में बीएलओ के साथ नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने वार्डों का भ्रमण किया। वहीं पत्रक का वितरण भी किया गया।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

विधानसभा क्षेत्र 138 सोहागपुर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। कार्य अवलोकन सतत रूप से विभिन्न अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। गत दिवस ब्लॉक क्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी व तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने मतदाता सूची गहन प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन किया है। इस दौरान उन्होंने कार्यरत बीएलओ के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमणकर देखा कि कार्य गति कैसे बढ़ाई जाए। उन्होंने मतदाताओं से भी संपर्क कर उन्हें भारतीय चुनाव आयोग की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान सहायक प्रोग्रामर अमित मिश्रा, मास्टर मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र वर्मा व विपिन गिल्ला भी उपस्थित रहे।

### सीएमओ ने किया पत्रक वितरण

शहरी क्षेत्र में बीएलओ के साथ नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने वार्डों का भ्रमण किया। सीएमओ शर्मा ने मतदाताओं को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में बताया। इस दौरान शर्मा ने कुछ मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किए। वहीं उन्होंने पूर्व में वितरित किए गए गणना पत्रक मतदाताओं से लेने का कार्य भी बीएलओ के साथ रहकर किया। शर्मा ने बताया कि सभी बीएलओ को शहरी क्षेत्र में अति शीघ्र कार्य संपन्नता के निर्देश दिए हैं।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने 12 नवंबर बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल से प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि गणना पत्रकों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करें। झा ने निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में सभी वार्डों में एसआईआर हेल्प डेस्क बनाना सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं को फार्म भरने में मार्गदर्शन एवं सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है सभी इसे पूरी गंभीरता एवं तत्परता से करें।

# श्री देवल मंदिर काली समिति का श्री राम विवाह महोत्सव व निशुल्क सामूहिक विवाह 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



इटारसी श्री देवल मंदिर काली समिति पुरानी इटारसी के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम विवाह महोत्सव एवं निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन विवाह पंचमी 25 नवंबर को किया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम 20 नवंबर से प्रारंभ हो जाएंगे जो 26 नवंबर तक चलेंगे ।20 नवंबर को रामलीला ,21 नवंबर को सुंदरकांड पाठ, 22 नवंबर को अखंड सीताराम कीर्तन, 23 नवंबर को महिला मंडल द्वारा रामसत्ता, 24 नवंबर को मंडपा छादन एवं सत्यनारायण कथा, 25 नवंबर को प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे ।जिसमें कन्या भोज, विशाल भंडारा, आध्यात्मिक प्रवचन, विशाल देवी जागरण, भव्य वारात स्वागत, जयमाला एवं प्रीति भोज, पाणी ग्रहण संस्कार होगा। 26 नवंबर को विदाई समारोह होगा। 25 नवंबर मंगलवार को सायंकाल 6:00 बजे श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक से श्री राम जी एवं समस्त दूल्हे राजाओं की बारात देवल मंदिर जनकपुरी के लिए प्रस्थान करेगी। बारात मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। करीब 2 किलोमीटर लम्बे श्री राम बारात के मार्ग को विद्युत रोशनी, स्वागत द्वारो एवं रंगोली से सजाया जाता है। सामूहिक विवाह के संबंध में

आयोजन समिति की ओर से बताया गया है कि समिति के द्वारा अभी तक 3000 से अधिक सामूहिक विवाह में युवक युवतियों का निशुल्क किया जा चुका है ।इस वर्ष के सामूहिक विवाह में जिन युवक युवतियो के विवाह होने है उनके अभिभावकों द्वारा युवक युवतियों के आधार कार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज के चार फोटो समिति को दिए जाने चाहिए। महत्वपूर्ण बात यह है कि वर एवम वधु स्वजातीय होना अनिवार्य है ।अंतर जाति विवाह नहीं किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्री देवल मंदिर जनकपुरी काली समिति पुरानी इटारसी से संपर्क किया जा सकता है। मध्य प्रदेश के कई जिलों से आते हैं युवक युवती विवाह कराने। श्री देवल मंदिर काली समिति के इस सामूहिक विवाह समारोह में मध्य प्रदेश के कई दूर-दूर के जिलों से युवक युवती विवाह करने के लिए अपने परिवार जनों के साथ आते हैं उनका जो स्वागत सत्कार इटारसी के नागरिक करते हैं वह देखने लायक होता है वैसे तो बहुत बारात निकलती है परंतु श्री राम विवाह के अवसर पर आयोजित श्री राम विवाह एवं सामूहिक विवाह के अवसर पर श्री द्वारकाधीश मंदिर समिति द्वारा बारात निकालने के पहले दूल्हे राजाओं का भव्य स्वागत होता है। मंदिर समिति के द्वारा कन्यादान सामग्री प्रत्येक जोड़े को प्रदान की जाती है एवं दानदाताओं द्वारा भी कन्यादान किया जाता है यह मार्मिक दृश्य देखने लायक होता है।

# अतिथियों का किया 21 किलो वजनी माला से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

माखन नगर लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर सुहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, सांसद दर्शन सिंह, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के नेतृत्व में गुरुवार को ग्राम दमदम से चिल्लई तक रन फॉर यूनिटी मार्च निकला इसमें ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की इस कार्यक्रम में वेयरहाउस संगठन माखन नगर पदाधिकारियो ने कार्यक्रम मे सभी अतिथियों का 21 किलो की माला से स्वागत किया गया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष आकाश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी आशीष बंटी साहू, कुलदीप राजपूत, मनोज पाराशर, अंशुल मालवीय, आसिफ खान, अभिनव पांडे, निखिलेश चतुर्वेदी संजय अग्रवाल आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जनजाति गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा के प्रचार हेतु रथ यात्रा हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस की उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमति प्रीति शुक्ला द्वारा सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र से भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा के प्रचार-प्रसार हेतु रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

यह रथ यात्रा 11 से 15 नवंबर तक सिवनी मालवा ब्लॉक एवं केसला ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जाकर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष एवं योगदान की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएगी।



इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री विजय राय, जनपद सीईओ श्रीमति श्रुति चौधरी, जनजाति कार्य विभाग अधीक्षक श्री सुब्रत शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री राजेश गौर, जिला मंत्री श्री जितेन्द्र चौहान, मंडल अध्यक्ष श्री सुनील गौर, पार्षद श्री ईश्वर जमींदार, मंडल महामंत्री श्री तुषार लोवंशी, सौरभ मालवीय सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने और समाज में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में गुरूवार जनजातीय गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर कार्यक्रम श्रंखला पर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में गुरूवार मेहंदी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की इस अवसर में प्राचार्य महोदय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए समर्पण, कार्य ओर बलिदान को हम हमेशा याद करेंगे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विनीता लोवंशी बी कॉम तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान पर स्थान पर भूमिका कुशवाह बी कॉम द्वितीय स्थान तृतीय स्थान पर शिवानी वर्मा रही मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कीर्ति लोवंशी बी कॉम तृतीय वर्ष प्रशंसा रघुवंशी एवं तृतीय स्थान पर पूजा गोस्वामी बी कॉम तृतीय वर्ष रही।

इस अवसर पर सयोजक प्रेम नारायण परते, प्रभारी विजयमालवीय डॉ जया कैथवास एवं महाविद्यालय स्टाफ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए के यादव डॉ एस के झा, डॉ मोहन सिंह गुर्जर कमल सिंह अहिरवार विजयमालवीय तनय सितोरे,कैलाश गढ़वाल, डॉ नवनीत कुमार सोनारे सोमेश कुमार राठौर, अभिषेक गोलियत डॉ रेखा पटेल अंजली भट्ट कनक कुमरावत, कु जयचौहान,अरुणेश चौहान एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# नरवाई में लगी आग, एसडीएम और तहसीलदार मौके पर किसानों को 'न जलाने' की अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



न्यायोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जीवोदय बालिकागृह नेहरूगंज इटारसी में संस्थान का निरीक्षण तथा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनीता खजूरिया, प्रथम जिला न्यायाधीश इटारसी उपस्थित रहीं।प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा सर्वप्रथम जीवोदय बालिका गृह का निरीक्षण किया गया तथा संस्थान में निवासरत बच्चों की देखभाल, शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनके दैनिक जीवन, रूचियों एवं भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान प्रबंधन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सुझाव देते हुए उनके भविष्य निर्माण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता पर बल दिया।निरीक्षण उपरांत आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, बाल संरक्षण एवं न्याय तक आसान पहुंच के विषय में जानकारी दी गई।

# न्यायोत्सव अंतर्गत जीवोदय के बच्चों से किया संवाद,दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



न्यायोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जीवोदय बालिकागृह नेहरूगंज इटारसी में संस्थान का निरीक्षण तथा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनीता खजूरिया, प्रथम जिला न्यायाधीश इटारसी उपस्थित रहीं।प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा सर्वप्रथम जीवोदय बालिका गृह का निरीक्षण किया गया तथा संस्थान में निवासरत बच्चों की देखभाल, शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनके दैनिक जीवन, रूचियों एवं भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान प्रबंधन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सुझाव देते हुए उनके भविष्य निर्माण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता पर बल दिया।निरीक्षण उपरांत आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, बाल संरक्षण एवं न्याय तक आसान पहुंच के विषय में जानकारी दी गई।

# श्री गुरुनानक कप सीजन 2: क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल 3 मैच खेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



श्री गुरुनानक कप सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को गांधी मैदान में कुल 3 मैच खेले गए। जिसमें शोभा होम्स नर्मदापुरम ने जीत कर दूसरे दौर में प्रवेश किया वहीं केसीसी युवराज ने दोनों मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के आयोजक मन्नी छाबड़ा ने बताया कि दूसरे दिन गुरुवार का पहला मैच केसीसी युवराज ओर एसआर इलेवन के बीच खेला गया। केसीसी युवराज ने 4 ओवर में आसानी से जीत दर्ज की। दूसरा मैच भारतीय क्लब इटारसी और शोभा होम्स नर्मदापुरम के बीच खेला गया। मैच का फैसला आखिरी बॉल पर हुआ जब शोभा होम्स के रोहित ने 6 मार कर टीम को जीत दिलाई। मैच में रोहित ने 24 रन ओर 2 विकेट भी लिए इस प्रकार उनको मन ऑफ द मैच भी दिया गया।

तीसरा मैच प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल हुआ। जो केसीसी युवराज ओर शोभा होम्स नर्मदापुरम के मध्य हुआ। जिसमें पहले बैटिंग करते हुए शोभा होम्स ने 83 रन का लक्ष्य रखा। जबाव में एक तरफा बैटिंग करते हुए धर्मेंद्र के 51 नाबाद ओर करन 31 रनों से केसीसी युवराज ने 10 विकेट से मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के आयोजक मन्नी छाबड़ा ने बताया कि कल शुक्रवार को पहला मैच किंग्स इलेवन इटारसी और कुदरत 11 के मध्य होगा और दूसरा मैच राजपूत 11 और सिंध क्लब के मध्य होगा।

## सोहागपुर विधानसभा में ग्राम दमदम से चिल्लई तक यूनिटी मार्च

# राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



सोहागपुर विधानसभा के ग्राम दमदम से चिल्लई तक विशाल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर देशभर में यूनिटी मार्च का आयोजित हो रही। उसी श्रृंखला में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है।दमदम में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर सभा के पश्चात यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया गया।

दमदम से प्रारंभ होकर विभिन्न ग्रामों से होते हुए यात्रा ग्राम चिल्लई पहुंची। पूरे रास्ते में देशभक्ति और एकता को दर्शाते पोस्टर, बैनर और नारों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाए रखा। यूनिटी मार्च के समापन के अवसर पर ग्राम चिल्लई में लगभग 37.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, वहीं विधायक विजयपाल सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन त क पहुंचाना है। सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश की एकता, अखंडता और मजबूत प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी थी। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, महेंद्र यादव, बहादुर चौधरी, आशुतोष तिवारी, योगेंद्र सिंह राजपूत, दीपक अग्रवाल, कल्पेश अग्रवाल, सोनू दीक्षित, राजा तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा जोगिंदर सिंह, दीपक महाला, विकास पटेल, दिलीप पटेल, राजेश मीना, रामफल पटेल, ओपी यादव, बंटी वर्मा, अरुण मलैया, निखिलेश चतुर्वेदी, संदीप पटेल सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता ग्रामीण जनों युवाओं महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मालवीय का नगर भाजपा ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेशमंत्री राजो मालवीय पहली बार पहुंची। जहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे एवं साथियों ने पुष्पहार, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

प्रदेशमंत्री राजो मालवीय ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, संगठन और समर्पण की भावना से कार्य करने वाला परिवार है, प्रत्येक कार्यकर्ता इसकी नींव है। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष दीपक अठोत्रा, महामंत्री शैलेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मनोज शर्मा, संगीता मालवीय, अर्जुन भोला, नगरमंत्री गौरव बड़कुर, सुष्मिता दुबे, पार्षद जिम्मी कैथवास, महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता चौहान, अनीता राजपूत समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंदगी देख दुकानदारों पर नाराज हुए स्वास्थ्य सभापति, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर पालिका स्वच्छता विभाग के सभापति राकेश जाधव ने गुरूवार बाजार क्षेत्र में पूड़ी लाइन और चिकमंगलूर चौराहे के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान गंदगी देखकर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई और दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। सभापति जाधव ने दुकानदारों से कहा कि अगर गंदगी रहेगी तो कौन खाना खाएगा? अब स्वच्छता की जिम्मेदारी आप सबकी भी है। हर दुकान के आगे डस्टबिन रखना अनिवार्य है, अन्यथा गंदगी पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने चिकमंगलूर चौराहे पर एक होटल संचालक द्वारा नाली पर जाली लगाकर नाली बंद करने पर नाराजी जताई और कहा कि यदि जाली नहीं हटाई गई तो जेसीबी से तोडऩे की कार्यवाही की जाएगी। विशेष सफाई अभियान में स्वच्छता विभाग के कमल आर्य, मोहन कंडारे, सौरभ चावरे और नरेश धारू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### बकाया बिल जमा न करने वाले के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**हरदा।** शहर में बिजली कंपनी ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। समाधान योजना के तहत सरचार्ज में छूट मिलने के बावजूद, 72 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं। इन पर लगभग 10 लाख रुपये से अधिक का बिल बकाया था। बिजली कंपनी के महाप्रबंधक वी.के. बागड़े ने बताया कि गुरुवार को शहर में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं ने समाधान योजना का लाभ नहीं उठाया और अपने बकाया बिल जमा नहीं किए, उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। समाधान योजना राज्य सरकार द्वारा उन उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई है जो बिजली बिल की राशि जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिल जमा करने पर सरचार्ज में छूट मिल रही है। बागड़े ने चेतावनी दी कि यदि बकायादार निर्धारित समय-सीमा में बिल जमा नहीं करते हैं, तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान कर रहे हैं। वे गांव-गांव और उपभोक्ताओं के घर या खेतों तक पहुंचकर उन्हें योजना की जानकारी दे रहे हैं, ताकि वे इसका लाभ उठा सकें और उन पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम हो सके। योजना का पहला चरण 3 नवंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी तक होगा। इस योजना में उपभोक्ताओं को सरचार्ज पर शत-प्रतिशत तक की छूट मिल रही है।

### जिले के 4838 किसानों के खाते में भावांतर की 10.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित

# किसानों को मेहनत का उचित मूल्य व सम्मान देना राज्य सरकार की प्राथमिकताः पटेल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को देवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 1.33 लाख किसानों को 233 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, कृषि स्थाई समिति के सभापति ललित पटेल, उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, जिला विपणन अधिकारी योगेश मालवीय, मंडी सचिव हरनारायण भिलाला सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि आज का दिन हमारे सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए बहुत खास है, क्योंकि आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भावातंर योजना के तहत पहली किस्त का अंतरण किया है। आगे भी सप्ताह




के हिसाब से भावांतर योजना की किस्त जारी करते रहेंगे। उन्होने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य और सम्मान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों कों गेंहू और धान का बोनस दिया है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भावांतर भुगतान योजना वर्ष 2025 लागू की गई है, जिसमें भारत सरकार द्वारा सोयाबीन का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव मूल्य के अंतर की राशि कृषकों को देने का प्रावधान किया गया है।

उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि कार्यक्रम में भावान्तर योजना के तहत जिले के 4838 पंजीकृत किसानों को भावान्तर अवधि 24 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक कुल 106407543 रूपये अंतरित किये गये है। इनमें कृषि उपज मण्डी हरदा के 1563, खिरकिया के 1782, टिमरनी के 893 तथा सिराली के 600 किसान सम्मिलित हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्य का किया निरीक्षण

# अधिकारियों ने मतदाताओं से चर्चा कर प्रक्रिया के संबंध में समझाया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस अभियान के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले की हरदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 81 व 130 पर पहुँचकर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार, तहसीलदार राजेन्द्र पंवार सहित संबंधित बीएलओ उपस्थित थे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने हरदा विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 81, 82, 99 व 117 का निरीक्षण कर उपस्थित बीएलओ से मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली।

#### एप में ई-एफ फार्म वितरण की प्रविष्टियों की जानकारी ली

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीएलओ से मतदाता मैपिंग, ई-एफ फार्म वितरण, तथा बीएलओ एप में ई-एफ फार्म वितरण की प्रविष्टियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने स्वयं मतदाताओं से चर्चा कर उन्हें एस.आई.आर. पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत चल रही प्रक्रिया से अवगत कराया तथा अधिकतम सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे समय पर मैपिंग का कार्य पूर्ण करें और प्रत्येक पात्र मतदाता को ई-एफ फार्म उपलब्ध कराकर उसकी प्रविष्टि सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता सूची पूर्ण, सटीक और अद्यतन बनाई जा सके।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम संपन्न

# कहानी, कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग समूह लोकनृत्य का आयोजन किया




**हरदा।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा गुरूवार को 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में किया गया। कार्यक्रम में 7 विधा कहानी लेखन, कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, लोकगीत एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। युवा उत्सव का शुभारम्भ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया। कलेक्टर ने उपस्थित सभी कलाकारों को मंच से संबोधित करते हुए कहा कि हरदा जिले की मिट्टी बहुत खास है। यहाँ की संस्कृति व सभ्यता में आपसी प्रेम है। यहाँ के हर वर्ग के लोग एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा साथ रहते है इसलिए यह हृदय नगरी है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राहुल पटेल, अनिल सुरमा ने सभी विजेता उपविजेता कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक डॉ. दोगने ने जिला युवा उत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों को बधाई दी। युवा उत्सव में विक्रांत अग्रवाल, जयकृष्ण चांडक, आशीष गौर, आभा अग्रवाल और अपूर्वा नूनिहार ने निर्णयों द्वारा विजेता उपविजेता प्रतिभागी का चयन किया। इस अवसर पर खेल विभाग की ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, हीना अली, संदीप जाट, मोनिका मेहता, नवनीत शुक्ला ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि कार्यक्रम में लोकगीत विधा में प्रथम स्थान महर्षि ज्ञानपीठ विद्यालय व द्वितीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार लोकनृत्य में प्रथम स्थान साधना एंड ग्रुप टिमरनी व द्वितीय स्थान शासकीय कन्या शाला हरदा, कहानी लेखन में प्रथम स्थान वरदान तिलोटी, द्वितीय स्थान मेहरुन्निशा खान व तृतीय स्थान वैभव भाटी ने प्राप्त किया। कविता लेखन में प्रथम स्थान रीना शेट्टी, द्वितीय स्थान सावित्री भुसारे व तृतीय स्थान कंचन उइके ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीतम सेठी व द्वितीय स्थान मेहरुन्निसा, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका कोगे, द्वितीय स्थान हस्ती पटेल व तृतीय स्थान समायरा खान ने प्राप्त किया। उन्होने बताया कि प्रथम व द्वितीय स्थान पर चयनित कलाकार 15 नवंबर को संभाग स्तरीय युवा उत्सव नर्मदापुरम में सहभागिता करेंगे।

### सड़क की पटरियों को जेसीबी से खोदा

# एयरटेल कंपनी ने सड़क की क्षतिग्रस्त मरम्मत करने को लेकर उठ रहे सवाल



**हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या**

नवनिर्मित खोई फाटे से गवलखेड़ी (9.320 किमी) सड़क को एयरटेल कंपनी ने तीन-चार माह में ही क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी मरम्मत कम्पनी की जमा कथित एफडी से होगी अथवा सरकारी खजाने से इस सवाल का जबाब स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। वहीं वाहन चालक आवागमन में परेशानी और दुर्घटनाओं का सामना कर रहें हैं। प्रधानमन्त्री सड़क योजना की उक्त सड़क की पटरियों को जेसीबी मशीनों से खोदा गया, जिसमें एयरटेल कंपनी की भूमिगत ओएफसी बिछाई गई है। फलस्वरूप उक्त नवनिर्मित सड़क तीन-चार माह में ही बदहाल-स्थिति में पहुंच गई, फिर भी कार्य बेरोकटोक जारी रहा था। इस मामले में कंपनी के ठेकेदार प्रभात मिश्रा अनुमति होने और बैंक एफडी जमा करने का दावा कर रहे थे, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि इस सड़क का निर्माण कार्य 27 मई 20 को प्रारंभ हुआ था,जिसकी लम्बाई 9.320 किमी और लागत रू.6.83 करोड़ है। लेकिन वेल्किन इन्फ्रा.प्रा.लि इंदौर की लेट लतीफी से 31 मई 24 को कार्य पूर्ण हो सका था। लेकिन वाहन चालकों को इसकी सुविधा तो नहीं मिली,अपितु डामरीकरण के तत्काल बाद एयरटेल ओएफसी बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया। इस दौरान सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया,जो अभी भी निरंतर जारी है।

#### नल योजना को भी किया क्षतिग्रस्त

एयर टेल कम्पनी द्वारा खोई फाटे से गाँव तक सड़क की खुदाई में पीएचई विभाग की पाइप लाइन बार-बार क्षतिग्रस्त की जा रही थी। जिससे खोई के ग्रामीणों को करीब 20 दिनों तक पेयजल संकट से रोष फैल गया था। ग्रामीणों में शेरसिंह नायक, दिनेश नायक, राजेश राठौड़ आदि ने बताया कि अखबारों में भी पेय-जल संकट की ख़बरें की प्रकाशित की गई थी। इस मामले में विभागीय महाप्रबंधक ने एअर टेल कंपनी को नोटिस दिया था। अंततःकलेक्टर भव्या मित्तल ने पीएचई उपयंत्री गुप्ता को निर्देश दिए,तब कहीं पुनः पेयजल प्रदाय शुरू किया को सका था।

#### सड़क की मरम्मत किस मद से होगी?

एयर टेल कम्पनी के ठेकेदार प्रभात मिश्रा ने पूर्व में इस प्रतिनिधि को बताया था कि हमने विभाग से अनुमति ली है और डिपाजिट राशी जमा की है। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी ओर विभाग ने सड़क के रख रखाव के लिए पांच वर्षों तक आवश्यक मद की व्यस्था की है। जिसके अनुसार वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 तक रू.32.29 लाख इस राशि व्यय की जावेगी। क्या सरकारी खजाने से होगी मरम्मत? अब सवाल यह है कि क्या इन क्षतिग्रस्त सड़कों की विभागीय मदों से मरम्मत होगी अथवा एयरटेल कम्पनी उक्त कार्य करेगी। जबकि इस कम्पनी ने लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भीकनगांव और चित्तौडगढ़-भुसावल मार्ग की पटरियों की खुदाई कर ओएफसी लाइन बिछाई गई है। इनकी मरम्मत को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है और जनमानस में कई सवाल उठ रहें हैं। ठेकेदार मिश्रा का फोन बंद होने से इस सम्बन्ध में उनकी प्रतिक्रया नहीं मिल सकी है।

#### इनका कहना है...

एयर एयर टेल की भूमिगत ओएफसी लाइन से सड़क काफी क्षति पहुंची है। मैंने कुछ माह पूर्व ही पदभार लिया है। जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह पायेंगे।

**योगेश शर्मा,**
महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क योजना खरगोन

हमने विभाग के डिमांड नोट के अनुसार उक्त सड़क की करीब 9 लाख रूपये की बैंक गारंटी दी है। हमने कई स्थानों पर उक्त सड़क,खोई में खरंजा एवं पाइप लाइन की मरम्मत और पेयजल के लिए टैंकर की भी व्यवस्था की थी।

**प्रभात मिश्रा ठेकेदार,** एयर टेल इंदौर

### शिक्षक शिक्षिकाओं को मार्गदर्शित किया

# बच्चों को हम मेडिटेशन सिखाएं तो उनमें चंचलता कम होगीः साध्वी प्रेक्षा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया**

आचार्य श्री रामलाल की शिष्या प्रज्ञा श्रीजी आदि ठाणा 4 छीपाबड़ में गंगाविशन मुनीम के निवास पर विराज रहे हे गुरुवार को साध्वी श्री प्रेक्षा ने सूर्योदय स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को मार्गदर्शित करते हुए बताया कि थ्योरी पढ़ाई तो हम बहुत करवाते है पर हमें प्रैक्टिकल वैल्यू सिखानी चाहिए मोरल वैल्यू सिखानी चाहिए बच्चों को जैसे टीवी देख कर खाना नहीं खाना रोज मम्मी पापा को प्रणाम करना घर में बड़ों से प्रेम से रहना हमें बच्चों को माली बनाना है हमें बच्चों में ये मानसिकता पैदा करना चाहिए कि आप सब प्रथम (फर्स्ट क्लास) आ सकते हैं हमें बच्चो को क्लास में मोटिवेट करना चाहिए अगर हमें स्कूल में चेंज लाने के लिए बच्चों को रोज मोटिवेट करते रहें तो खुद बच्चे पढ़ने लग जाएंगे अगर यह चीज बच्चों में डेवलप हो गई तो स्कूल अपने आप सूर्योदय हो जाएगा महाराज साहब के पास अगर कोई आता है तो उसमें ब्लेसिंग पैदा हो जाते हैं लेकिन हम सब अपने अंदर ब्लेसिंग खुद डेवलप कर सकते हो कुंडली में भले ही शनि हो और मन में भले ही मनी हो तो इंसान कभी प्रोग्रेस नहीं कर सकता है हमें सबके विकास से पहले अपने विकास के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि हमारी जेड पहले मजबूत होनी चाहिए अगर हम ही मजबूत नहीं होंगे तो हम दूसरों को कैसे कुछ चीज बता पाएंगे वात्सल्य एक ऐसा गुण है जो सबको सह लेता है बच्चों को मेडिटेशन सीखने से उनकी चंचलता कम होती चली जाएगी और उन्हें प्रेम से रहना सिखाएगा पॉइंट बच्चों का गुस्सा कम करने के लिए हमें पहले उन्हें गहरी सांस लेने को बोलना चाहिए काम और उनकी तारीफ कर दो उन्हें मेडिटेशन करना चाहिए डिप्रेशन कम करने के लिए हमें बच्चों को ज्ञान मुद्रा,ध्यान मुद्रा में बैठने के लिए बोलना चाहिए और उनके मनपसंद चीज करना चाहिए ताकि उनका डिप्रेशन कम हो। स्कूल संचालक पंकज सांड की धर्म साहिका का पुरुषार्थ सराहनीय रहा। प्रणय सांड,सुमित चोपड़ा,स्मिता रांका,रमिला कर्नाबट,रत्ना समदड़िया, ध्रुवी ओजस्वी भंडारी आदि सहित सूर्योदय स्कूल प्रिंसिपल सोनाली पारे सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

### मेले में पांच कंपनियों ने भाग लिया

# युवा संगम में 144 युवाओं का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किए




**हरदा।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को शासकीय आईटीआई हरदा में रोजगार, स्व स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशिप मेला ''युवा संगम'' का आयोजन किया।

जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में पांच कंपनियों ने भाग लेकर कुल 144 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किये। मेले में कंपनी ने 18 आवेदकों का अप्रेंटशिप के लिए चयन किया। मेले में कुल 210 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। रोजगार मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के दल ने 60 युवक युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। इस दौरान उपस्थित युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी एवं युवावस्था की मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं अनुसार परामर्श प्रदान किया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि युवा संगम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. एन. छलौत्रे, नर्सिंग ऑफिसर मीरा महोबिया द्वारा स्वास्थ्य जाँच की, वहीं उमंग काउंसलर पारूल काशिव, दीपक गौर, निखिल चंद्रवंशी एवं अजय मंडलेकर द्वारा युवाओं का वजन, ऊँचाई लेकर आयु अनुसार उनको बीएमआई बताई व मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। इस दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं में बनाए गए उमंग स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी भी युवाओं को दी गई व मनहित एप्लीकेशन डाउनलोड करवाते हुए उसके उपयोग की जानकारी दी।

### जननायक गौंड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह संपन्न

# कलाकारों ने राजा पेमल शाह के पराक्रम पर प्रस्तुतियां दी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा**

गौंड जनजातीय समुदाय के चरित्र एवं ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित जननायक गौण्ड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियों के तीन दिवसीय समारोह का बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं बिरसा मुंडा की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में रामचन्द्र सिंह एवं उनके दल ने राजा पेमल शाह के चरित्र को प्रदर्शित करने वाले नृत्य नाट्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस दौरान बताया गया कि राजा पेमल शाह गोंड राजाओं में प्रतापी राजा थे। इनके चार भाई शंकर शाह, दलपत शाह, बुढ़न शाह, दूधन शाह थे। राजा पेमलशाह के राज्य में प्रकृति के प्रकोप से उनके राज्य की बर्बादी हो जाती है,



जहां भुखमरी आ जाती है। लेकिन पेमल शाह हार नहीं मानते हैं और खेती करते हैं और राज्य में खुशहाली आ जाती है। दिल्ली में बैठा रूम बादशाह को पेमल शाह की कर्मठता का पता चलता है और पेमल शाह के पास आता है। तब पेमल शाह को गढ़ मंडला और चौरा दादर को बचाने के लिए भेज देता है। पेमलशाह बूढ़ा एवं पैतृक देवता का आवाहन करते हैं और चौरा दादर एवं गढ़ मंडला को आबाद कर देते हैं।कार्यक्रम में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा



सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित थे।

#### उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। वन विभाग द्वारा निर्मित एक जिला एक उत्पाद के तहत बांस की प्रदर्शनी लगाई गई।